आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-252 ● कटनी ● शनिवार, 16 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## आईपीएल विजेता धोनी की टीम को 20 करोड़ का इनाम

**दुबई ।** महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर आईपीएल चैंपियन बन गई। शुक्रवार रात यूएई में खेले गए फाइनल में सीएसके ने केकेआर को 27 रनों से मात दी। चेन्नई ने ट्राफी पर कब्जा किया, वहीं सबसे ज्यादा 20 करोड़ रुपए की इनामी राशि भी हासिल की। केकेआर को 12.5 करोड़ से संतोष करना पड़ा। नीचे देखिए किस टीम को कितने रुपए की इनामी राशि मिली। इसके साथ ही सबसे ज्यादा रन बनाने (ऑरेंज कैप), सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले (पर्पल कैप), सर्वश्रेष्ठ कैच के पुरस्कारों की घोषणा भी कर दी गई। ऑरेंज कैप पर ऋतुराज गायकवाड़ ने कब्जा जमाया। उन्होंने आईपीएल 2021 में 16 मैच खेले और 635 रन बनाए। इस दौरान 1 शतक और 4 अर्द्धशतक भी लगाए। हर्षल पटेल को पर्पल कैप मिली है। हर्षल पटेल ने आईपीएल 2021 में दमदार गेंदबाजी करते हुए 15 मैचों में कुल 32 विकेट लिए थे। **देखें खेल पेज भी**


# सोनिया की विरोधियों को खरी-खरी, मैं ही हूं अध्यक्ष

### कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, राहुल गांधी, अशोक गहलोत, आनंद शर्मा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के स्थाई अध्यक्ष पद को लेकर चल रही बहस पर फिलहाल सोनिया गांधी ने विराम लगा दिया है। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने साफ किया कि वह ही कांग्रेस की स्थायी अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर मामले को गंभीरता से सुना और सुलझाया है। मीडिया के जरिए उनसे बात करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर विशेषतौर पर युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। चाहें वह किसानों का मुद्दा हो, महामारी के दौरान राहत पहुंचाना हो या फिर युवाओं व महिलाओं का मुद्दा हो। लखीमपुर हिंसा पर उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है।

#### 52 नेता हैं मौजूद

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक जारी है। इस बैठक में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, आनंद शर्मा समेत पार्टी के 52 वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बैठक में वर्तमान राजनीतिक स्थिति, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी।




#### दिग्विजय सिंह व मनमोहन सिंह समेत पांच नेता नदारत

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में 52 वरिष्ठ नेता हिस्सा ले रहे हैं तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अलावा वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह समेत पांच अन्य नेता बैठक का हिस्सा नहीं हैं।

पिछले दिनों कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाने की मांग की थी। यहां तक कि कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल और गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई जाए और पार्टी के संगठनात्मक चुनाव और आतंरिक मामलों पर चर्चा की जाए। कांग्रेस में स्थाई पार्टी अध्यक्ष का न होना उसके लिए परेशानी की वजह बन रहा है। पार्टी के अंदर ही इसको लेकर विरोध के शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने तो यहां तक कह दिया था कि पार्टी का कोई अध्यक्ष नहीं हैं। फैसले कौन ले रहा है, मालूम नहीं है। हालफिलहाल सोनिया गांधी पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष हैं। राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद उन्होंने अध्यक्ष का पदभार संभाला था, लेकिन स्थाई अध्यक्ष की मांग पार्टी ही नहीं पार्टी के बाहर भी होने लगी है।

#### सितंबर 2022 में हो सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद एक बड़ी खबर सामने आ रही है।सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष का चुनाव सितंबर 2022 में हो सकता है। हालांकि अभी इसका आधिकारिक एलान होना बाकी है।

## NCB पर भड़के उधव ठाकरे कहा- सेलेब्रिटी को पकड़ते और फोटो खिंचवाते हैं



**मुंबई ।** फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की ड्रग्स केस में गिरफ्तारी को लेकर अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी एनसीबी पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दशहरा रैली में कई मुद्दों पर पर बात करते हुए कहा कि एनसीबी सेलिब्रिटी को निशाना बना रही है। ठाकरे ने आर्यन खान का नाम लिए बगैर कहा किएनसीबी ड्रग्स मामले के बहाने महाराष्ट्र को बदनाम करने की साजिश है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह एक सेलिब्रिटी को पकड़ते हैं और तस्वीरें खींचकर ड्रम बजाते हैं। हमारी पुलिस काम करती है, लेकिन खबर ये है कि जमानत मिली या नहीं। सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि यहां गांजा की एक चिमटी के बात है और मुंबई पुलिस ने करोड़ों की दवाएं बरामद की हैं। उद्धव ठाकरे ने साथ ही यह भी कहा कि महाराष्ट्र में घर के आंगन में तुलसी लगाने की संस्कृति है, लेकिन इसे ऐसे दिखाया जा रहा है जैसे पूरे महाराष्ट्र में भांग लगाई जा रही हो।

# रायपुर रेलवे स्टेशन पर धमाका

### शिफ्टिंग में डेटोनेटर फटा, 4 सीआरपीएफ जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में धमाका होने से सीआरपीएफ के 4 जवान घायल हो गए हैं। शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर फटने की सूचना मिली है। जवान जम्मू जाने वाले थे, 4 घायलों में से एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्लेटफार्म नबंर 2 पर डेटोनेटर गिरने से विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक डेटोनेटर शिफ्टिंग के दौरान डेटोनेटर गिर जाने से यह हादसा शनिवार सुबह हुआ है। फिलहाल सभी घायल जवानों का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वहीं एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। रेलवे के अधिकारियों की पुष्टि से पहले छह जवानों के घायल होने की सूचना मिली थी। लेकिन रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार सुबह 6.30 बजे झारसुगुड़ा से जम्मू तवी जा रही सीआरपीएफ की स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी थी जिसमें तीन कंपनी की शिफ्टिंग हो रही थी, सामान लोडिंग के दौरान इगनाइटर सेट और एसडी कार्तिज जो की ट्यूब



लान्चिंग में यूज होता है, इसी का एक बाक्स लोडिंग के दौरान स्पेशल ट्रेन के बोगी नंबर नौ के गेट के पास हाथ से छूट गया। इससे छोटा ब्लास्ट हुआ, जिससे 4 जवान घायल हुए थे, जिनमें से एक हेड कांस्टेबल चवन विकास लक्ष्मण को नारायणा हास्पिटल में भर्ती किया गया है। भर्ती जवान महाराष्ट्र, सतारा का रहने वाला है। अभी जवान का आपरेशन चल रहा है। घायल जवानों में चवन विकास लक्ष्मण, रमेश लाल, रविंद्र कर, सुशील शामिल हैं।

#### पत्थलगांव हादसे के विरोध में बंद

**जशपुर नगर।** पत्थलगांव में शुक्रवार को विजय दशमी दशहरा की धार्मिक जुलूस के दौरान हुए भीषण हादसे के बाद पत्थलगांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक गौरव अग्रवाल का अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। इस बीच मृतक के स्वजनों को एक करोड़ और घायलों को 25.25 लाख मुआवजा की मांग को लेकर भाजपा के आह्वान पर बन्द का जिले में असर दिख रहा है। इस बीच मामले को लेकर भाजपा के आला नेता प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर तीखा हमला कर रहे हैं। पूर्व मुख्य मंत्री डा रमन सिंह ने जारी किए गए बयान में एसपी को तत्काल हटाये जाने की मांग की है।पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने इसे शासन और प्रशासन की विफलता बताया है। उधर सीएम भूपेश बघेल ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रूपये देने की ऐलान किया है।

### कांग्रेस ने की प्रज्ञा की जमानत रद्द करने की मांग

## दशहरे के मंच से प्रज्ञा ठाकुर के विवादित बोल, पीसी शर्मा ने छोड़ा मंच



**भोपाल।** अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने हाल में एक बार फिर ऐसा बयान दिया, जिस पर विवाद उठ गया है। मौका था राजधानी के मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के मैदान पर दशहरा पर्व पर श्रीजी सांस्कृतिक महोत्सव समिति की ओर से रावण दहन कार्यक्रम का, जहां वे शिरकत करने पहुंची थीं। यहां पर कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक कांग्रेसी विधायक ने मेरे बीमार होने पर शहर भर में गायब होने के पोस्टर लगवा दिए। कांग्रेस के विधायक खुद ही अपनी-अपनी विधानसभा में नहीं दिखते हैं। यह सुनकर कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा मंच से उठकर चले गए। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में अब पीसी शर्मा ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जमानत रद करने की भी मांग की है। इस वीडियो में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर कहती दिखाई दे रही हैं कि हम पीड़ित दूसरों की पीड़ा से भी होते हैं। इसलिए हम नहीं पूछेंगे, क्योंकि वे बीमार हैं। किसी को भी मानवीयता नहीं खोनी चाहिए। संवेदना मत भूलो। पशु भी अपने बच्चे के मरने पर संवेदनशील हो जाता है। यह तो पशु से भी गए बीते हैं।

### फटाफट खबरें



#### सीएम शिवराज का आज खंडवा दौरा

**खंडवा।** खंडवा लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को खंडवा, बुरहानपुर और देवास जिलों में तीन स्थानों पर आम सभा लेंगे। वह भोपाल से हेलीकाप्टर से रवाना होकर बुरहानपुर जिले के फोफनार में पहली आमसभा लेंगे। इसके बाद कालमुखी में भी सभा को संबोधित करेंगे। सभा के बाद स्थानीय कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री शामिल होकर आम लोगों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद कार से क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में दौरा का लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

#### राहुल द्रविड़ हेड कोच बनने को तैयार



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और नेशनल क्रिकेट अकेडमी के डायरेक्टर राहुल द्रविड़ भारत के अगले कोच होंगे। इसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से की है। जानकारी के मुताबिक, द्रविड़ बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से बातचीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच का रोल निभाने को तैयार हो गए हैं। यह बातचीत शुक्रवार रात को आईपीएल फाइनल के दौरान हुई।




### आतंकी गुटों के मौजूद होने की आशंका के बाद अलर्ट जारी

## आतंकियों के मददगार? कहां से आ रहा खाना

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राजोरी और पुंछ में आतंकी गुटों के मौजूद होने की आशंका के बाद अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें खुफिया एजेंसियों ने स्थानीय एजेंसियों और सुरक्षाबलों को बेहद सतर्क रहने को कहा गया है। यह सुरक्षा अलर्ट ऐसे समय जारी किया गया है जब डेरा की गली के घने जगलों में बड़े पैमाने पर आतंक विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा हाई अलर्ट पर कर दी गई है। आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी की जा रही है। ग्रुप के बारे में अभी कोई स्थिति साफ नहीं हो पाई है। आतंकियों के दो अलग.अलग स्थानों पर मौजूदगी का पता चला है। घने जगलों में सोमवार और गुरुवार को दो हमलों में एक जेसीओ समेत सात जवान शहीद हुए हैं। आतंकियों की मौजूदगी और घात लगाकर हुए हमलों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जैसे. क्या पुंछ में हैं आतंकियों के मददगारघ् कहां से आ रहा है आतंकियों का खाना बिना स्थानीय सहयोग के ऐसा संभव कैसे? यह जानने में सुरक्षाबल जुटे हैं।




## छत में सुराग कर अचानक बिस्तर पर गिरा उल्कापिंड, बाल बाल बची महिला



**ब्रिटिश कोलंबिया।** यहां बीते दिल एक अजीब आकाशीय घटना देखने को मिली है। यहां आधी रात को जब एक महिला अपने घर में सोई हुई थी, तब अचानक एक उल्कापिंड छत में सुराग करते हुए दहकते हुए बिस्तर पर आ गिरा। इस घटना में महिला बाल-बाल बच गई। उल्का पिंड महिला के चेहरे से कुछ ही दूरी पर गिरा था। मिली जानकारी के मुताबिक आधी रात को ब्रिटिश कोलंबिया में रहने वाली रुथ हैमिल्टन की नींद हल्के धमाके की आवाज के साथ खुली। महिला को इस बार का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उल्कापिंड घर की छत को तोड़कर बिस्तर पर गिरेगा। उन्होंने देखा कि छत में एक सुराग दिखाई दे रहा था। हैमिल्टन ने तुरंत आपातकालीन नंबर पर कॉल करके जानकारी दी। उसके बाद उन्हें जो पता चला, वह किसी आश्चर्य से कम नहीं था। ब्रिटिश कोलंबिया में रहने वाली रुथ हैमिल्टन के यहां यह घटना हुई है। उनके बिस्तर पर ठीक तकिए के पास एक उल्कापिंड गिरा था। यह घटना 3 अक्टूबर की है। उस घटना को याद कर है मिल्टन सिहर उठती हैं। यूनिवर्सिटी आफ वेस्टर्न ओंटारियो के प्रोफेसर पीटर ब्राउन ने पुष्टि करते हुए कहा कि हैमिल्टन के बिस्तर पर उल्का पिंड ही गिरा था।

## रीवा में गिरफ्तार युवक हथकड़ी सहित फरार



**रीवा।** जिले के रामपुर कर्चुलियान थाना से एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार युवक हथकड़ी लेकर भाग गया है। यह घटना उस समय की है जब थाना में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव मौजूद रहे। पुलिस की लापरवाही से हथकड़ी लेकर एनडीपीएस एक्ट का आरोपित भाग निकला। बताया जाता है कि एसपी नवनीत भसीन के निर्देशन में कल पुलिस हेल्पलाइन की सूचना पर बुड़िया गांव के एक पुल के पास मारुति कार युवक अंकित सिंह को नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद रात भर थाना में आरोपित बैठा रहा। जिसे हथकड़ी भी लगाई गई थी। सुबह थाना प्रभारी के रहते थाना में आरोपित हथकड़ी के साथ भाग निकला।

## रिकॉर्ड स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें

### आज फिर 35 पैसे प्रतिलीटर तक बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज फिर पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी हुई है। आज डीजल के दाम 33 से 37 पैसे तो वहीं पेट्रोल के दाम 30 से 34 पैसे बढ़ें हैं। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। कई राज्यों में इसके दाम 100 रुपये से ऊपर पहुंच चुके हैं। देश में रोजाना बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम आम आदमी की आमदनी पर असर डाल रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की यह बढ़ी हुई कीमतें हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही हैं। दिल्ली में पेट्रोल का दाम 105.49 रुपये जबकि डीजल का दाम 93.22 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 111.43 रुपये व डीजल की कीमत 102.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.10 रुपये जबकि डीजल का दाम 97.33 रुपये लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.70 रुपये लीटर है तो डीजल 98.59 रुपये लीटर है।




#### जानें प्रमुख महानगरों में कितनी है कीमत

| शहर | डीजल | पेट्रोल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 94.22 | 105.49 |
| मुंबई | 102.15 | 111.43 |
| कोलकाता | 97.33 | 106.10 |
| चेन्नई | 98.59 | 102.70 |

(पेट्रोल-डीजल की कीमत रुपये प्रति लीटर में है।)

## दिल्ली के 500 कर्मियों को सुरक्षा कर्तव्यों से किया मुक्त



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के निर्देश पर दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने पुलिस खेमे में कई तरह की सुधारात्मक कार्रवाई की है। इसके तहत मंत्रालय के परामर्श से किए गए दिल्ली पुलिस का ऑडिट किया गया। सिक्योरिटी ऑडिट में यह पाया गया कि दिल्ली पुलिस के कुछ सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों के पास हर समय के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी हैं। इनका काम न केवल अधिकारियों बल्कि उनकी पत्नियों और बड़े हो चुके बच्चों की भी सुरक्षा करना है। कुछ पुलिस अधिकारियों को तो बिना किसी खतरे का आकलन किए सुरक्षा प्रदान की गई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस के 500 से अधिक कर्मियों को सुरक्षा कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।

# अंतिम अभिनय राम के वियोग में चली गई दशरथ की जान

**बिजनौर।** यूपी में बिजनौर जिले के गांव हसनपुर में चल रही रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के वनवास जाने पर वियोग में सच में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। जी हां वनवास गए श्रीराम को वापस लेने गए सुमंत श्रीराम को साथ लिए बिना लौटे तो वियोग में दो बार राम-राम कहते हुए राजा दशरथ का पात्र निभा रहे राजेंद्र सिंह (62) जमीन पर गिर पड़े। उनके इस अभिनय पर खूब तालियां बजीं। पर्दा गिरा तो साथी कलाकारों ने राजेंद्र सिंह को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह सच में प्राण त्याग चुके थे। घटना से गांव क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामलीला का मंचन स्थगित कर दिया गया। माना जा रहा है कि हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। गांव हसनपुर निवासी आदेश ने बताया कि उनके गांव में प्रति वर्ष सप्तमी से दशहरा तक चार दिन तक स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण के विशेष प्रसंगों का मंचन किया जाता है। रामलीला मंचन में उसके चाचा पूर्व में प्रधान रहे राजेन्द्र सिंह बीते 20 वर्षों से राजा दशरथ का अभिनय करते आ रहे थे। इस वर्ष भी मंगलवार 12 अक्तूबर



को मंचन का शुभारंभ किया गया था। बृहस्पतिवार रात राम बनवास का मंचन चल रहा था। मंचन के दौरान पिता की आज्ञा से राम, सीता व लक्ष्मण वन चले गए। राजा दशरथ ने महामंत्री सुमंत को इस आशा के साथ भेज दिया था कि वो उन्हें वन दिखाकर वापस ले आएं। सुमंत को राम के बगैर आता देख राजा दशरथ भावुक हो गए। भगवान श्रीराम के वियोग में राम-राम चिल्लाने लगे। दो बार राम-राम कहते हुए दशरथ का अभिनय कर रहे राजेंद्र सिंह अचानक मंच पर गिर गए। सभी यही समझते रहे कि राजेंद्र सिंह ने जीवंत अभिनय किया और उन्होंने मंचन में प्राण त्याग दिए। पर्दा गिरा तो दर्शक राजेंद्र सिंह के अभिनय पर तालियां बजा रहे थे। वहीं पर्दे के पीछे साथी कलाकारों दिग्विजय सिंह, सोनू कुमार, हैप्पी आदि ने उन्हें उठाने का प्रयास किया, लेकिन राजेंद्र सिंह ने सच में प्राण त्याग दिए थे। माना जा रहा है कि हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई।

**या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**


श्री सत्संग दुर्गोत्सव समिति, पन्ना मोड़।


आशीर्वाद नवजागरण महाकाली दुर्गोत्सव समिति, रबर फेक्ट्री रोड।



श्री नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, शेर चौक।


श्री राम दुर्गोत्सव समिति, दुर्गा चौक।


बजरंग दुर्गोत्सव समिति, बड़ी खिरहनी।


न्यू दुर्गोत्सव समिति, भारत चौक कुआं के पास।


एवरेस्ट इंडस्ट्रीज कैमोर में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा।


खलवारा बाजार कैमोर में विराजीं आदिशक्ति जगदम्बा।


रंगनाथ मंदिर के पास स्थापित मां भवानी।


बालक प्रेरणा दुर्गोत्सव समिति, सम्राट गली पुरानी बस्ती।

## प्रतिमाओं के दर्शनार्थ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, कचहरी चौक में जनाकर्षण का केन्द्र रहीं जीवंत झांकियां









नवरात्र पर्व की नवमी के दिन दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। खासकर झंडा बाजार से लेकर आजाद चौक के बीच श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। यहां कईयों बार जाम की भी स्थिति बनी। कचहरी चौक में आदिशक्ति जगत जननी की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ ही जीवंत झांकियां जनाकर्षण का केन्द्र रहीं। इसी तरह घंटाघर में विरांजी मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा की एक झलक पाने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

# भक्तिभाव के बीच जवारों का विसर्जन



## धूमधाम से निकले चंडिका माता के जवारे

### दुर्गा प्रतिमा एवं जवारों का श्रद्धा के साथ विसर्जन

**कटनी।** नवरात्र पर्व की नवमी पर शहर में स्थित देवी मंदिरों से जवारा जुलूस निकाला गया और कटनी नदी सहित अन्य घाटों पर जवारों का विसर्जन किया गया। इसी कड़ी में उपनगरीय क्षेत्र कुठला स्थित मां चंडिका मंदिर का चलित जवारा जुलूस उत्साह पूर्वक निकाला गया। क्षेत्र की महिलाऐं सर पर जवारा कलश रखकर चल रहीं थी, वहीं खप्पर और मां महाकाली की जीवंत झांकियों के साथ कलाकार जुलूस को आकर्षक बना रहे थे। चंडिका मंदिर से प्रारंभ जवारा विजर्सन जुलूस कुठला, बस स्टैंड, नदीपार, चांडक चौक होते हुए विजर्सन घाट पहुंचा, जहां दुर्गा जी की प्रतिमा और जवारों का विजर्सन किया गया। जवारा जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। कुठला थाना सहित बस स्टैंड पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का बेहतर इंतजाम कर अपनी सेवाएं दी गई। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। जुलूस में जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों के साथ ही चंडिका नगर वासियों सहित कटनी नगर के श्रद्धालुओ की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर जय मां चण्डिका ट्रस्ट कमेटी के संरक्षक दिनेश तिवारी, अध्यक्ष राजकुमार परौहा, उपाध्यक्ष दीपक कनकने, मीडिया प्रभारी विनोद दुबे, प्रदीप शुक्ला सचिव, सहसचिव सत्यनारायण गौतम, रामजी चतुर्वेदी सदस्य, रामप्रकाश प्यासी, उमेश गर्ग, लखन साहू, दुर्गेश दीक्षित, मुनींद्र मिश्रा, मार्तण्ड तिवारी, सुशील गर्ग, लवलेश मिश्रा, अवध तिवारी, राधाचरण तिवारी, जय मां चण्डिका दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय सौरी, उपाध्यक्ष सिद्धांत शुक्ला, सचिव अभिषेक तिवारी, कोषाध्यक्ष निखिल चौबे आदि उपस्थित रहे।

### कल देवी जागरण

कल रविवार 17 अक्टूबर को चण्डिका देवी मंदिर में रात्रि 8:30 बजे से भव्य देवी जागरण आयोजित किया गया है। जिमसे छतरपुर के लोकप्रिय लोकगीत गायक देशराज पटेरिया के भतीजे राजा पटेरिया की टीम अपनी शानदार देवी गीतों की प्रस्तुति देगी। जय मां चण्डिका ट्रस्ट कमेटी ने कार्यक्रम में उपस्थित होने अपील की है।

## उत्साह के साथ निकला जालपा मढ़िया के जवारों का जुलूस

**कटनी।** अपार श्रद्धा, भक्ति और आस्था के बीच मां जालपा मढ़िया के जवारों का विर्सजन नवरात्र पर्व की नवमी पर कल शुक्रवार को कटनी नदी में किया गया, इसके साथ ही आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के नौ दिवसीय महापर्व नवरात्र का नवमी पर समापन हो गया। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को माता के दर्शन और पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं का जनसैलाब मंदिरों में उमड़ पड़ा। नवमी के अवसर पर मंदिरों में माता की विशेष पूजा अर्चना की गई व हवन व महाआरती का आयोजन किया गया। शहर के अनेकों स्थानों पर कल दिनभर कन्याभोज भी चलते रहे। स्थानीय जालपा वार्ड स्थित शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र मां जालपा मढ़िया में विराजमान शक्ति की आराध्य देवियों मां जालपा, मां कालका, मां शारदा की पूजा अर्चना और आरती की गई और इसके बाद रात करीब 8 बजे जवारा जूलूस प्रांरभ हुआ। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर जवारा कलश लेकर चल रही थी। जालपा मढ़िया के जवारा के दर्शन करने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। जालपा मढ़िया से प्रारंभ होकर जवारा जूलूस पुरानी बस्ती, जवारा गली, मसुरहा वार्ड से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक सात होता हुआ कटनी नदी पंहुचा, जहां अपार भक्तिभाव के साथ जवारा विर्सजन किया गया।





## शहीद द्वार दुर्गा मंदिर में विशाल भंडारा

**कटनी।** नवरात्र पर्व की अष्टमी के अवसर पर नई बस्ती शहीद द्वार स्थित दुर्गा मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया। इसके उपरांत माता रानी को 56 भोग अर्पित किए गए। इसी कड़ी में नवमी के दिन सुबह हवन और पूजन अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गया।



## मरही माता मंदिर के जवारे विसर्जित



**कटनी।** जालपा मढ़िया के अलावा बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर के जवारों का विर्सजन भी नवमी के दिन किया गया। मरही माता मंदिर में अष्टमी के दिन हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्र पर्व की नवमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। रात 8 बजे पूजा अर्चना के बाद जवारों का जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में महिलाएं अपने सिर पर जवारा कलश रखकर तो माता के भक्त बाना छेदते हुए चल रहे थे। जवारा जुलूस कटनी नदी पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां अपार श्रद्धाभक्त के बीच कटनी नदी में जवारों का विसर्जन किया गया। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों छपरवाह, आयुध निर्माणी, माधवनगर, लखेरा, एनकेजे में भी अपार श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच जवारों का विर्सजन किया गया।



## नई बस्ती संतनगर में कोरोना रावण का दहन आज



**कटनी।** कारोना रावण दहन आज रात्रि 8 बजे होगा यह रावण कोरोना को लेकर जनजागरण के लिए स्थानीय युवाओं ने बनाया है शंभू टाकीज रोडए संत नगर चंद्रभान पांडे एडवोकेट के बाजू में खाली स्थान पर इस रावण का दहन होगा। साथ ही कोरोना से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। अवधेश गुप्ता अमन गुप्ता ने सभी लोगों से पहुंचने की अपील की है।

## आदर्श कॉलोनी में आज होगा रावण दहन

**कटनी।** विजयादशमी के पावन पर्व पर आज 16 अक्टूबर शनिवार को शाम 7 बजे न्यू आदर्श कालोनी में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा । इस अवसर पर गरबा नृत्य का भव्य आयोजन किया गया है, साथ ही रावण दहन का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान, अरविंद जायसवाल आदि ने सभी से पहुंचने की अपील की है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper





## प्रधानमंत्री ने की 7 नई रक्षा कंपनियां राष्ट्र को समर्पित

# आयुध निर्माणी अब होगी यंत्र इंडिया लिमिटेड की इकाई

**कटनी।** दशहरा का पावन पर्व शक्ति और सामर्थ्य की आराधना का दिन है। 7 नई रक्षा कंपनियां देश के सैन्य सामर्थ्य, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने और रक्षा सुधार की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। आयुध निर्माणियों के प्रतिभाशाली कर्मचारी अपनी विशेषज्ञता से नए टेक्नोलॉजी के साथ नव अनुसंधान और विकास को अपनाकर एक ग्लोबल डिफेंस पावर बनने के सपने को साकार करेंगे। उक्त उदगार नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रक्षा क्षेत्र की 7 नई सार्वजनिक इकाइयों को लांच करते हुए राष्ट्र को समर्पित करने के दौरान अपने संबोधन में व्यक्त किए। इस दौरान माननीय रक्षा मंत्री और रक्षा राज्य मंत्री की उपस्थिति रही। इस मौके पर शहर के रक्षा संस्थान आयुध निर्माणी में आयोजित शुभारंभ समारोह में शामिल हुए अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु प्रधानमंत्री के संबोधन तथा लांचिंग कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए डिजिटल स्क्रीन प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई। नए डीपीएसयू यन्त्र इंडिया लिमिटेड के सीएमडी और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के निर्देशन में पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इससे पहले निर्माणी महाप्रबंधक व ओआईसी सी एल रावत के मुख्य आतिथ्य में दशहरे की परंपरा अनुसार रक्षा उत्पादों की आयुध पूजन विधि संपन्न हुई। आयुध निर्माणी कटनी अस्तित्व में आए सात अलग-अलग नए आयुध निगमों डी पीएस युद्ध में से एक यन्त्र इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत कार्य करेगी, जिसमे 8 आयुध निर्माणियां होंगी। जिसका कारपोरेट मुख्यालय, अंबाझरी, नागपुर, महाराष्ट्र में होगा। सात डीपीएसयू क्रमशः म्युनिशन्स इंडिया लिमिटेड, एडवांस वेपन एन्ड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, यंत्र इंडिया लिमिटेड, आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड, इंडिया आप्टेल लिमिटेड, ट्रूप कंफर्ट्स इंडिया लिमिटेड, ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड हैं। विदित हो कि आत्म निर्भर भारत के अंतर्गत आयुध निर्माणियों में दक्षता, कार्यात्मक स्वायत्तता, नए विकास को बढ़ावा देने के साथ ही निर्यात के अवसरों का लाभ उपलब्ध कराने के मद्देनजर 1 अक्टूबर से आयुध निर्माणी बोर्ड के अधीन 41 आयुध निर्माणियों का प्रचालनए नियंत्रण और प्रबन्धन सरकारी स्वामित्व वाले सात नए डी पी एस यू को स्थानांतरित कर दिया गया है।

# स्क्रैप से 113 करोड़ कमाए रेलवे ने

### 113 वैगन कोच एवं लोको के साथ 26 हजार से अधिक मीट्रिक टन स्क्रैप का किया निपटारा



**कटनी।** कोविड की चुनौतियों के बावजूद पश्चिम मध्य रेलवे स्क्रैप के निपटान का लक्ष्य पूरा करने में हमेशा ही अग्रणी रहा है। गौरतलब है कि पमरे ने पिछले वर्ष 2020-21 में भी कोविड महामारी की कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए लक्ष्य से अधिक स्क्रैप का निपटान करके करोड़ों का राजस्व हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। इसी श्रृंखला में इस वर्ष 2021-22 में भी पिछले 6 महीनों में लगभग 113 करोड़ का स्क्रैप निपटारा करके रेल राजस्व में वृद्धि हुई है। इस प्रकार पमरे के तीनों मण्डलों और दोनों कारखानों में कुल 26281 मीट्रिक टन स्क्रैप का निपटान करके 112.89 करोड़ रुपये रेल राजस्व अर्जित किया। स्क्रैप रेल मटेरियल से 11178 मीट्रिक टन से रुपये 43 करोड़ की आय प्राप्त हुई। स्क्रैप फेरस से 8695 मीट्रिक टन से रुपये 32 करोड़ की आय प्राप्त हुई। स्क्रैप नॉन फेरस से 416 मीट्रिक टन से रुपये 5 स्क्रैप की आय प्राप्त हुई। 87 स्क्रैप वैगन से रुपये 3 करोड़ की आय प्राप्त हुई। 19 स्क्रैप कोचेस से रुपये 89 लाख की आय प्राप्त हुई। 7 स्क्रैप लोको से रुपये 2 करोड़ अकी आय प्राप्त हुई। अन्य स्क्रैप 3282 मीट्रिक टन का निपटान करके रुपये 19 करोड़ की आय प्राप्त हुई। आरडब्ल्यूपी, आरडब्ल्यूएफ द्वारा स्क्रैप मटेरियल से 2710 मीट्रिक टन से रुपये 8 करोड़ की आय प्राप्त हुई। रेलवे में स्क्रैप निपटारा होने से खाली जगहों की कई उपयोगिता साबित हुई है। रेलवे में स्क्रैप निपटान से राजस्व में वृद्धि होती है, साथ ही अन्य स्त्रोत की आय में भी बढ़ोत्तरी हुई। स्क्रैप निपटान से खाली हुई जगह को अन्य रेलवे द्वारा गतिविधियों के लिए उपयोग में लायी जा सके। इस निपटान से रेल खंड भी साफ सुथरा रहता है, जो यात्रियों को सुगम एवं अच्छा यात्रा का अनुभव कराता है। इसके साथ ही स्क्रैप मटेरियल में कमी होती है।

# मल्टी मीडिया लॉजिस्टिक पार्क के लिए स्थल का निरीक्षण

### वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी भी रहे मौजूद



**कटनी।** जनपद पंचायत रीठी के सिमरा नंबर-1 में मल्टी मीडिया लॉजिस्टक हब बनाया जाना प्रस्तावित है। मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एमपी वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ सिमरा नंबर-1 पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और हब की स्थापना की संभावनाएं देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गांव में लगभग 85 एकड़ भूमि लॉजिस्टिक हब के निर्माण के लिए प्रस्तावित है। स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि 85 एकड़ के अलावा आसपास की अन्य भूमि को भी अभी सुरक्षित कर लें।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्क का निर्माण होता है तो और विस्तार होंगे और ऐसे में जमीन की कमी न आने पाए, इसको ध्यान में रखकर कार्य करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि लॉजिस्टिक हब जहां पर प्रस्तावित है, वहां से मात्र दो किमी. की दूरी से पन्ना जिले की बार्डर प्रारंभ हो जाती है और हब का निर्माण होता है तो पन्ना जिले के लोग भी पार्क में आकर अपनी शॉप खोल सकें, ऐसी व्यवस्था करें। श्री मिश्रा ने कटनी के स्टोन की यूनिट, धान यूनिट सहित अन्य यूनिट लगाने की संभावनाएं भी स्थल पर देखीं। इसके लिए उन्होंने वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारियों से स्थल से आवागमन के साधन की उपलब्धता, रेलवे से दूरी आदि की भी जानकारी ली।

वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारियों ने कलेक्टर श्री मिश्रा को बताया कि सिमरा में मल्टी मीडिया लॉजिस्टिक हब के निर्माण के कितनी संभावनाएं हैं, इसकी कार्ययोजना तैयार करने का कार्य मुंबई की कंपनी द्वारा किया जा रहा है और कंपनी की ओर से पहले चरण की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है और दूसरे चरण की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक डी.के. हवलदार सहित एसडीएम बलवीर रमन, तहसीलदार विजय द्विवेदी भी मौजूद थे।



# कलेक्ट्रेट में एडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्यायें

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के अधिकारियों को दिए निर्देश

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्यायें सुनकर उनके यथोचित् निराकरण के संबंध में कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में 12 अक्टूबर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय कटनी के समभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित हुई। जिसमें अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आयो नागरिकों से उनके आवेदन लिये, उनकी समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुये उनके निराकरण के संबंध में कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के 88 नागरिकों ने अपनी समस्या बताते हुये आवेदन अधिकारियों को दिये। इनमें अनुविभागीय अधिकारी कटनी, तहसीलदार ढीमरखेड़ा, पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग और संस्थागत वित्त विभाग से संबंधित 2-2 आवेदकों ने अपने आवेदन दिये। वहीं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़, ई-गवर्नेन्स, उद्यानिकी, जनपद पंचायत कटनी और जनपद पंचायत रीठी, तहसीलदार बहोरीबंद, जल संसाधन विभाग, इसके साथ ही तहसीलदार रीठी, शिक्षा विभाग, तहसीलदार बड़वारा, तहसीलदार कटनी शहरी से संबंधित 4-4 आवेदन, पुलिस अधीक्षक, विद्युत विभाग से संबंधित 6-6 आवेदन, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ से संबंधित 7, नगर निगम से संबंधित 8, जिला पचांयत से संबंधित 10 और तहसीलदार कटनी ग्रामीण से संबंधित 14 आवेदकों ने अपने आवेदन जनसुनवाई में अधिकारियों को दिये। इन सभी प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण की कार्रवाई अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने विभागीय अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भी जनसुनवाई में मौजूद रहे।



# अंडर 18 क्रिकेट टीम का चयन

### अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में

**कटनी।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में अंडर 18 बालक आयु वर्ग के लिए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जबलपुर में 18 अक्टूबर से किया जा रहा है, इसके लिए जिला क्रिकेट संघ द्वारा एक चयन शिविर का आयोजन फारेस्टर प्ले ग्राउंड में को किया गया, जिसमें लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उसमे से 22 खिलाड़ियों का चयन कर उनके मध्य मैच आयोजित किए गये। आज अंतिम ट्रॉयल मैच के बाद अंडर 18 टीम की घोषणा की गई। टीम में श्री गट्टानी कप्तान, सचिन यादव उपकप्तान, हर्ष मंगलानी, आदित्य बेन बड़वारा, आदित्य भारती, आनफास, सचिन कुमार, दर्शन शर्मा, रियांश नेमा, आशुतोष दुबे, सुजल खरे, ऋषभ मिश्रा, ओम तिवारी, अभिनव दुबे, सुमित सिंह एवं राजा खान कोच स्टेण्ड बाय दिवाकर, मुद्दसिर, रामानुज, सनी शामिल है। टीम का पहला मैच सिवनी के साथ 18 एवं 19 अक्टूबर के साथ होगा। उक्त आशय की जानकारी जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने दी।

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग हेतु सेल्समेन युवक की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, अनुभवी को प्राथमिकता।

पता- शारदा प्रोडक्ट्स
38 इंडस्ट्रीयल एरिया
बरगवां कटनी मो.
9425152937,
8889776200

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340



# योग, ध्यान और प्राणायाम से लाएं जीवन में बदलाव

### बंदियों को बताए खुद में सुधार की संभावनाओं को तलाशने के गुर

कटनी। जिला जेल में निरूद्ध बंदी बाहर निकलकर सामान्य जीवन जी सकें और अपने अंदर की संभावनाओं को जागृत कर जीवन में सुधार करते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़े, इसके लिए आनंद संस्थान द्वारा दस दिवसीय अल्पविराम, योग, ध्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के दूसरे दिन बंदियों को उनके अंदर समाहित क्षमताओं को सामने लाने और सुधार की संभावनाओं को तलाश करने की जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर, आनंद संस्थान की उपस्थिति में बंदियों के बीच अल्पविराम की एक गतिविधि के साथ यह बताया गया कि हम सभी में अतुलनीय क्षमताएं हैं, उसे हम कैसे पहचाने और पहचान कर, सुधार की संभावनाओं को तलाश कर, कार्य रूप में कैसे परिणित करें। पतंजलि योग समिति से अभिलाष सिंह गौतम व डॉ. नरेंद्र तिवारी द्वारा बंदियों को व्यायाम के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही अनुलोम, विलोम, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी योग प्रणायाम कराते हुए यह बताया कि इन योग प्रणायाम के माध्यम से वे खुद को कैसे स्वस्थ्य रख सकते हैं। बंदियों को आनंद संस्थान के प्रशिक्षिकों द्वारा ध्यान योग भी कराया गया।

# गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर




**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार, श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में, दिनेश कुमार नोटिया, जिला न्यायाधीश/सचिव, तथा मनीष कौशिक, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को भारत की आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय गर्ल्स कॉलेज कटनी में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मनीष कौशिक, जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उपस्थित बालिकाओं को भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का विस्तार पूर्वक विवरण देते हुये बताया कि हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिये तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करना चाहिये। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बालक-बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, संरक्षण, विधि आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराध जो वर्तमान में घटित हो रहे है, उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि यदि किसी को कोई समस्या है तो इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के कार्यालय में आवेदन दे सकते है। साथ ही 9 नवम्बर 2021 को आयोजित होने वाले मेगा कैम्प में बालिकाओं को दहेज प्रथा पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करने हेतु निर्देश दिये। कार्यक्रम में पीएलव्ही अंजूरेखा तिवारी ने बताया कि जीवन में हमें कभी निराश नहीं होना चाहिये। हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये लगातार प्रयास करते रहना चाहिये। इस अवसर पर गर्ल्स कॉलेज कटनी के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, पैरालीगल वालेंटियर्स अंजूरेखा तिवारी, जिला प्राधिकरण के कर्मचारी सहित छात्रायें उपस्थित रही।

**एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में**

**नि:शुल्क BMD शिविर**

सोमवार, 25 अक्टूबर 2021
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक



**डॉ. पंकज गुप्ता**
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन



चुस्त दुरुस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -

1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि: शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत्त (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें

mgm HOSPITAL
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071
NABH

# पुर्नवास के प्लाट में हो रहा था अवैध निर्माण

## सूचना मिलने पर तहसीलदार ने किया मौके का मुआयना, पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर, स्थगन आदेश किया गया जारी

**कटनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्पूर्ण प्रदेश में भू-माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिसके तहत शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध जिले में कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार को झिंझरी में पुर्नवास शीट क्रमांक 12 के प्लॉट पर किये जा रहे अवैध कब्जे को प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुये तत्काल प्रकरण दर्ज कर स्थगन आदेश जारी कर दिया गया है। इस भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 5 करोड़ रुपये है।**




मौके पर कार्रवाई करते जिला प्रशासन के अधिकारी एवं अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाते कर्मचारी।

इस प्रकरण में एसडीएम बलबीर रमन ने बताया कि बुधवार को राजस्व निरीक्षक नजूल एवं पुनर्वास द्वारा ग्राम झिंझरी स्थित पुर्नवास शीट क्रमांक 12 के प्लाट पर रघुनाथगंज निवासी नीलेश चौदहा द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री बना कर कब्जा करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस दौरान तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर इस प्रकरण को संज्ञान में लिया। जिसके बाद तहसीलदार श्री श्रीवास्तव द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज कर स्थगन जारी किया गया। वहीं मौके पर राजस्व, नजूल और पुलिस बल थाना प्रभारी माधवनगर के साथ अवैध निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से हटवाया गया। इस प्रकरण में सम्बन्धितों के विरुद्ध थाना माधवनगर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। तहसीलदार नजूल एवं पुर्नवास द्वारा जारी स्थनगत आदेश में कहा गया है कि ग्राम झिंझरी पटवारी हल्का नंबर 38 राजस्व निरीक्षक मुडत्रवारा 1 तहसील कटनी नगर अंतर्गत स्थित पुर्नवास शीट क्रमांक 12 प्लॉट नंबर 1, 2, 10, 11, 12, 13, 14, 18, 19 में से कु 22200 वर्गफुट पर नीलेश चौदहा द्वारा शासकीय पुर्नवास की भूमि पर बाउण्डरी निर्माण के लिये पिलर खड़े कराये जा रहे हैं। शासन हित में अनावेदक को आदेशित किया जाता है कि ग्राम झिंझरी के पटवारी हल्का नंबर 38 राजस्व निरीक्षक मुड़वारा 1 अंतर्गत स्थित पुर्नवास शीट क्रमांक के संबंधित प्लाटों पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करें अन्यथा निर्माण सामग्री जप्त कर ली जायेगी। वहीं अनावेदक को अपने पक्ष के समर्थन में 22 अक्टूबर को स्वयं या अधिवक्ता के जरिये अपने दस्तावेज सहित उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है। उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी।



# ग्राम बुजबुजा में आयोजित हुआ विशाल नशामुक्ति सम्मेलन

## विधायक संजय पाठक ने ग्रामीणों से की नशा ना करने की अपील

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कटनी सुनील जैन के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में नशामुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गतदिवस मंगलवार को बरही क्षेत्र के ग्राम बुजबुजा में विशाल नशामुक्ति सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक शामिल हुये। इस अवसर पर थाना प्रभारी संदीप अयाची भी मौजूद रहे। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में विधायक श्री पाठक ने ग्रामीणों को संबांधित किया। उन्होने नशे की विकृतियों को समझाया और आमजन से अपील करते हुये कहा कि नशे से दूर रहें, और समाज को इस विकृति से दूर रखने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। वहीं थाना प्रभारी संदीप अयाची ने नशे के दुष्परिणामों को बताया और नशे को बेचकर लाभ कमाने वाले लोगों को भी चेताया। उन्होने नशे से होने वाले दूरगामी नकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सेंड स्टोन, मार्बल पर कलाकृतियां उकेरेंगे देशभर के शिल्पकार

## शैलोत्सव आधार शिला का 9 नवंबर से जागृति पार्क में होगा आयोजन

**कटनी।** जिले में स्टोन व मार्बल के शिल्पकारों को अवसर प्रदान करने एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के स्टोन की देशभर में ख्याति हो, इसके लिए जिला पुरात्व, पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा शैलोत्सव आधार शिला का आयोजन माधवनगर के जागृति पार्क में किया जाएगा। 9 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित महोत्सव में देशभर के शिल्पकार जुटेंगे और जिले में मिलने वाले सेंट स्टोन व मार्बल में कलाकृतियां उकेरेंगे। शैलोत्सव में शामिल होने वाले शिल्पकारों को आयोजन समिति की ओर से सुविधाएं प्रदान की जाएंगी तो सर्वश्रेष्ठ कृति को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कटनी स्टोन एवं मार्बल एसोसिएशन और कटनी पर्यावरण संधारण समिति जागृति पार्क के सहयोग से आयोजित शैलोत्सव में देशभर के शिल्पकारों के बायोडाटा मंगाए गए हैं। कलाकृति निर्माण के लिए शिल्पकार अपना बायोडाटा पर भेज सकते हैं या फिर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अजय कुमार श्रीवास्तव, राजू खरे, प्रो. खरे स्टोन से संपर्क कर सकते हैं।

### शिल्पकारों को मिलेंगी ये सुविधाएं

शैलोत्सव में आने वाले शिल्पकारों को आयोजन समिति की ओर से सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिसमें शिल्पकार के साथ उसके एक सहयोगी को आवागमन का किराया प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उत्सव के दौरान भोजन, रहने की सुविधा भी दी जाएगी। प्रचलित दर पर मानदेय प्रदान करने के साथ ही शिल्पकारों को टेंट, लाइट, पानी आदि की सुविधा कार्यक्रम स्थल पर होगी। निर्धारित समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ कृति को पुरस्कृत किया जाएगा। आधार शिला शैलोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी व कलाकृतियों की नीलामी होगी और कलाकृतियों पर आयोजक का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।

# 1 से 15 नवम्बर तक मनाया जाएगा भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़ा

**कटनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी तहसीलों के पटवारी हल्कों एवं ग्रामों में भू-अभिलेख (रिकॉर्ड) शुद्धिकरण पखवाड़ा 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2021 तक आयोजित होगा। इस दौरान फौती नामांतरण, भू-स्वामि नाम सुधार, खसरा रकवा एवं नक्शा संबंधित त्रुटियों का सुधार, व्यपवर्तन डाटा एन्ट्री, डाटा परिमार्जन, खसरा क्षेत्रफल सुधार, रिक्त भूमि स्वामि प्रकार संशोधन, अल्फा न्यूमेरिक खसरा एवं नक्शा तरमीम कर कार्य जारी दिशा-निर्देशों के तहत किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भू-अभिखेल शुद्धिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के निरीक्षण के लिये निरीक्षक कार्यक्रम जारी किया है। जिसके तहत अधिकारियों को तहसील एवं उपतहसील आवंटित करते हुये निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित के निर्देश दिये गये हैं। जारी निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा ढीमरखेड़ा एवं पानउमरिया तहसील क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। वहीं अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी द्वारा विजयराघवगढ़, बरही एवं सिनगौड़ी, सहायक कलेक्टर अंजली रमेश द्वारा बड़वारा, संयुक्त कलेक्टर साधना कालकांत परस्ते द्वारा रीठी एवं बिलहरी, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा द्वारा बहोरीबंद एवं बाल, नायब तहसीलदार हेमांगप्रिया श्रीवास्तव द्वारा स्लीमनाबाद एवं अधीक्षक भू-अभिलेख कटनी मायाराम कोल द्वारा कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत तहसील एवं उपतहसील का निरीक्षण कर अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों का जायजा लेंगे। साथ ही अभियान के सुचारु व सफल संचालन के लिये आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित करेंगे।

# 3 हजार 550 रुपये मूल्य की शराब तथा महुआ लाहन जप्त



**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब की गतिविधियों के विरुद्ध विभागीय अमले द्वारा जांच कर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत विभागीय अमले द्वारा मंगलवार 12 अक्टूबर को आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 और 3 क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्रवाई की। इस दौरान बैलेटघाट, रोशननगर में आबकारी दलों द्वारा दबिश दी गई। जिसमें विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये 50 किलोग्राम महुआ लाहन तप्त किया गया है। साथ ही 7 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा भी दल द्वारा जप्त की गई है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत संबंधित आरोपियों के विरुद्ध 3 न्यायालयीन प्रकरण भी पंजीबद्ध किये गये हैं। मौके पर जप्तशुदा महुआ लाहन का सैम्पल लेकर उसे नष्ट किया गया है। इस कार्रवाई में जप्त महुआ लाहन तथा अवैध शराब की अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 3 हजार 550 रुपये है।



# अस्थाई अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को नगर के मुख्य मार्गो में सुगम यातायात की व्यवस्था मुहैया करानें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्ग गांधी द्वारा से स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा तक मुख्य मार्गो के अस्थाई अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण अधिकारी एस.के.गर्ग नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण दल के सदस्यों द्वारा आज चलाये गए अभियान के तहत गांधी द्वार से दिलबहार चौक तक मुख्य मार्ग में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सामग्री रखकर विक्रय करनें पर संबंधितों को सामग्री दुकानों के अंदर रखकर ही व्यवसाय करनें की हिदायत जाकर सुगम यातायात व्यवस्था के प्रयास किये गए।

### 29 लागों पर की गई चालानी कार्यवाही

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में कोरोना महामारी से बचाव हेतु निरंतर प्रयास किये जाकर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन न करनें वालों पर भी निगम प्रशासन द्वारा निरंतर चालानी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के तहत आज नगर के बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाया जाकर 29 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमनें पर 2900/- की चालानी की जाकर मास्क का उपयोग करनें की हिदायत दी गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें वर्तमान त्योहारों में होनें वाली भीड को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों से कोरोना महामारी से सुरक्षा सुनिश्चित करनें हेतु आवश्यक सुरक्षा सावधानियों जैसे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें तथा मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करनें की अपील की है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था में नागरकों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता जागरूका गतिविधियों का आयोजन कर स्वचछता सर्वेक्षण की गतिविधियों से अवगत कराते हुए नगर को स्वच्छता में अव्वल दर्जा प्राप्त करानें के प्रयास किये जा रहे है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी के साथ मिलकर रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित गतिविधियों के तहत विगत दिवस बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित चावला चौक में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के माध्यम से स्थानीय रहवासियों को टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल कर हर तीन साल में सेप्टिक टेंक की सफाई करानें हेतु जागरूक किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रखनें हेतु नागरिकों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें के उद्धेश्य से विगत दिवस नगर के विभिन्न स्थलों आजाद चौक, रामपुर खिरहनी, हरिजन बस्ती कुठला, कैलवारा फाटक में नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड नाटक के माध्यम से स्थानीय रहवासियों के मध्य स्वच्छता का संदेश प्रसारित किये जाकर 3 बिन की जनकारी प्रदान करते हुए गीला, सूखा एवं हानिकारक कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखनें एवं निगम के वाहन में अलग अलग ही देनें की अपील की गई। पर्यावरा संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करनें, घरों से बाजार जाते समय कपडे के थैले साथ में लेकर जानें हेतु प्रेरित किया गया।



# नुक्कड़ व काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**कटनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटनी के प्रमुख ज़मीनी कार्यकर्ता पंडित जगदीश त्रिपाठी के सम्मान में नुक्कड़ काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । वातायन के सचिव अनिल मिश्र उमरिया के विशिष्ट आतिथ्य एवं पंडित जगदीश त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ गज़लकार विष्णु बाजपेयी के संचालन में काव्य गोष्ठी का आगाज़ करते हुए हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा माँ के हिस्से में सुख के मात्र नौ महीने हैं ए बाकी चढ़ते उतरते दुखते जीने हैं । वरिष्ठ गज़लकार विष्णु बाजपेयी ने कहा- दर्द को ग़र ज़ुबान दे देते हम भी अपना बयान दे देते,आज नदिया ये प्यास से बोली मुझको मेरा लगान दे देते। अनिल मिश्र ने कहा-बातों के सिलसिले का इरादा किया गया, लफ़्ज़ों को आज फिर तरोताज़ा किया गया। पंडित जगदीश त्रिपाठी ने कहा ज़माने भर की नज़र से छुपा के लिखता हूँ, अंधेरी रात में खुद को जला के लिखता हूँ । हास्य कवि शरद जायसवाल ने आभार व्यक्त किया ।

# दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास सफलता का मूलमंत्र



**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सफलता के मंत्र समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे, की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक सहायक प्राध्यापक वर्ग, अशैक्षणिक वर्ग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह समारोह लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यार्थियों के सम्मान से संबंधित रहा। इस समारोह में मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन अभिव्यक्ति में कहा कि यदि हमारे अंदर धैर्य, कुछ करने की जबरदस्त इच्छा शक्ति है तो हमें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने बड़ी दृढ़ता से यह भी कहा कि म.प्र. शासन से विद्यार्थियों की सफलता के लिये जो कुछ भी प्रचास संभव हो सकेगा उसे प्राथमिकता के स्तर पर किया जायेगा। इसी क्रम में डॉ. मोहन यादव ने ने कहा कि आत्मविश्वास को निरंतर बनाये रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी लोगों ने ज्ञानर्जन किया एवं जीवन को सही ढंग से नई दिशा देने हेतु प्रेरणा भी प्राप्त की।

सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, एक्शन पैकिज, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो ता. 14 से दोपहर 12.30, 3.30,6 एवं 8.30 बजे से

VENOM (हिन्दी में)

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## शांति समिति की बैठक में लिए निर्णय के बाद दशहरा पर एक भी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन नहीं

### नवरात्र का पर्व 9 दिनों तक मनाए जाने की परंपरा का इस बार भी किया गया निर्वहन

# आज हो रहा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा नवरात्र और दशहरा पर्व को लेकर बुलाई गई शांति समिति की बैठक में 15 अक्टूबर शुक्रवार को विजयादशमी का पर्व मनाए जाने के निर्णय के बाद शहर में एक भी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन नहीं हुआ। कटनी नदी के गाटरघाट में विसर्जनस्थल सूना पड़ा रहा। यहां देर रात तक अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी में तैनात होकर दुर्गा प्रतिमाओं का इंतजार करते रहे, लेकिन विसर्जन के लिए एक भी दुर्गा प्रतिमा नहीं आई, हालांकि कुछेक स्थानों पर समितियों द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की जानकारी मिली है। 15 अक्टूबर को दशहरा मनाए जाने के निर्णय को दुर्गोत्सव समितियों ने अव्यवहारिक बताते हुए आज 16 अक्टूबर को प्रतिमाओं के विसर्जन का निर्णय लिया है। शहर में करीब एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला आज शाम से शुरू होकर देर रात तक चलता रहेगा। दरअसल कटनी में जालपा मढ़िया के जवारा विसर्जन के दूसरे दिन दशहरा का पर्व मनाए जाने की परंपरा सालों से चली आ रही है। पहले के सालों में ऐसा होता भी आया है। 8 दिन के नवरात्र होने के बाद भी कटनी में नवरात्र का पर्व पूरे 9 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाा है। पंचांग के मुताबिक इस बार नवरात्र का पर्व 8 दिनों का था, लेकिन शांति समिति की बैठक में इस बात का ध्यान नहीं रखा गया और 16 अक्टूबर की बजाए 15 अक्टूबर को दशहरा मनाए जाने का निर्णय लिया गया, जबकि 15 अक्टूबर को शहर में नवरात्र की नवमी मनाई गई और विभिन्न देवी मंदिरों के जवारों का विसर्जन किया गया। यही कारण है कि 15 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ शहर की सड़कों पर अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। जवारा विसर्जन के दूसरे दिन विजयादशमी का पर्व मनाए जाने की परंपरा सालों से चली आ रही थी, लिहाजा शहर की सभी दुर्गोत्सव समितियों ने इस बार भी इस परंपरा का निर्वहन किया और जवारा विसर्जन के दूसरे दिन यानि आज दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है।



शेर चौक दुर्गात्सव समिति की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन आज दोपहर किया गया

### दशहरा चल समारोह पर रोक

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के चलते राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार पिछले साल की तरह इस साल भी दशहरा चल समारोह पर रोक लगाई गई थी। सरकार द्वारा प्रतीकात्मक रूप से रावण दहन की अनुमति दी गई थी लेकिन बड़े आयोजन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था। यही कारण है कि इस बार कैमोर और कटनी में रावण का दहन नहीं हुआ।



## दशहरा पर पुलिस लाइन में पूजे गए शस्त्र

**कटनी।** विजयदशमी पर शुक्रवार 15 अक्टूबर को झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में शस्त्रपूजन हुआ। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला सहित रक्षित निरीक्षक लवली सोनी ने मां काली का पूजन किया और फिर प्रतीकात्मक बलि देकर शस्त्र फायर कर हर्ष प्रकट किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने-अपने वाहनों का भी पूजन किया। झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में सुबह साढ़े दस बजे के लगभग शस्त्र पूजन शुरू हुआ।

लाइन के शस्त्रागार में रखे गए सारे असलहों को लाकर रखा गया। एके-47, इंसास, पिस्टल, रिवाल्वर आदि को करीने से सजा कर रखा गया। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ पूजन शुरू हुआ। फिर हवन-आरती के साथ पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ही थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### मां भवानी से एसपी ने की प्रार्थना

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने परंपरा के तौर पर फायर किया। एसपी श्रीजैन ने कहा कि मां भवानी से प्रार्थना किया कि पूजन में जो असलहे निकाले गए, साल भर कभी इसकी नौबत न आए। जिले में अमन-चैन और प्रेम सद्भवाना बना रहे। इसके बाद वाहनों का पूजन किया गया। सभी वाहनों को सजाया गया था। इस दौरान लाइन के बैंड ग्रुप ने देवी धुन प्रस्तुत किए।

# शहर में बढ़ता जा रहा शोहदों व मनचलों का आतंक

### बहन, बेटियों व परिवार की महिलाओं के साथ लोगों का घर से निकलना हुआ मुश्किल

**कटनी।** शहर में शोहदों व मनचलों का आतंक बढ़ता जा रहा है। घर से किसी कार्यवश निकलने वाली लड़कियों व महिलाओं का पीछा कर उन्हे अश्लील फब्तियां कसना अब आम बात सी होती जा रही है। हालांकि लोकलाज के डर से ऐसी घटनाएं पुलिस तक नहीं पहुंच पाती लेकिन शहर में शोहदों व मनचलों का आतंक इतना बढ़ता जा रहा है कि लोग अपनी बहन, बेटियों व परिवार की महिलाओं के साथ घर से बाहर निकलने में भी घबराने लगे हैं। नवरात्र पर्व के दौरान भी शहर में अपनी बहन, बेटियों व परिवार की महिलाओं के साथ मां जगत जननी के दर्शन करने निकले लोगों को ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ा हालांकि ये घटनाएं भी पुलिस तक नहीं पहुंची। वहीं कोतवाली के झंडाबाजार क्षेत्र में ऐसी ही एक घटना को लेकर विवाद व मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। जिसमें दो युवक घायल भी हो गए। जिन्हे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मारपीट की घटनाओं में अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने झंडाबाजार क्षेत्र स्थित चौरसिया पान पैलेस के सामने लड़की छेड़ने के विवाद पर हुई मारपीट पर रोहित कोल, महेन्द्र चौधरी सहित अन्य तथा विकाश निषाद व उसके साथियों के विरूद्ध धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत काउंटर मामला दर्ज किया है। वहीं बैलट घाट क्षेत्र में हुई मारपीट में दीपक निषाद की शिकायत पर मिन्दर निषाद व विकाष निषाद के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।



**नवरात्र पर्व के दौरान लड़की छेड़ने के विवाद हुई मारपीट, दो घायल, पुलिस ने की काउंटर कार्रवाई**

# पीएम आवास की राशि जारी करने सचिव ने मांगी रिश्वत

**कटनी।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम बांध के पंचायत सचिव रमेश पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के प्रावधानों के तहत निलंबन का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में सचिव रमेश पटेल का मुख्यालय जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा नियत किया गया है। पूरे मामले के अनुसार ग्राम बांध के निवासियों द्वारा पंचायत बांध के पंचायत सचिव रमेश पटैल के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किश्त जारी किये जाने हेतु नगद राशि की मांग किये जाने संबंधी शपथ पत्र के माध्यम से आरोप लगाया गया था। जिससे प्रथम दृष्टया श्री पटेल द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से हितग्राहियों से राशि की मांग किया जाना प्रमाणित हुआ। वहीं इस कृत्य से शासन की छवि भी धूमिल हुई है और हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ नहीं मिला। पंचायत सचिव रमेश पटैल का उक्त कृत्य पदीय कर्तयों के विपरीत होने के साथ ही मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) 1998 के नियम 3 के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिस पर ग्राम पंचायत बांध के सचिव रमेश पटैल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# महिला की लाश मिलने के मामले में दो माह बाद हत्या का मामला दर्ज

### मृतिका व आरोपी दोनों से पुलिस अनजान

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत शाहडार के जंगल में मिली एक महिला की लाश के मामले में पुलिस ने दो माह बाद हत्या का मामला दर्ज किया है। हालांकि अभी इस मामले में पुलिस को न तो महिला की शिनाख्त करने में सफलता मिली है और न ही पुलिस महिला की हत्या करने वाले आरोपी के संबंध में कोई सुराग लगा पाई है। बहरहाल पुलिस दो माह बाद पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। फिलहाल आरोपी के संबंध में भी कोई सुराग नहीं है। पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत झिर्री शाहडार के जंगल में वन विभाग की चौकी से दो किलोमीटर दूरी पर 5 अगस्त 2021 को एक महिला की लाश मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टामार्टम के लिए भेजा था। महिला की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है।




# खेत से घर लौट रहे प्रौढ़ को बोलेरो ने कुचला

### बाइक सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत, रीठी में सड़क दुर्घटनाएं






**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बड़ागांव हीरापुर में खेत से भैंस लेकर घर लौट रहे एक 50 वर्षीय प्रौढ़ को तेज रफ्तार बुलेरो जीप ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हीरापुर निवासी 50 वर्षीय खुमान सिंह पिता सूरज सिंह लोधी शुक्रवार की शाम खेत से भैंस लेकर वापस घर लौट रहा था। इसीदौरान दमोह रोड पर वह तेज रफ्तार बुलेरो जीप की चपेट में आ गया। जिसके कारण मौके पर ही खुमान सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। बुलेरो जीप क्रमांक एम.पी.21सीबी-0667 रैपुरा निवासी किसी विजय सेठ की बताई जा रही है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए बुलेरो जीप चालक के विरूद्ध धारा 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं रीठी थाना अंतर्गत ही एक अन्य दुर्घटना में रीठी बायपास मार्ग पर बरही थाना अंतर्गत ग्राम बुजबुजा निवासी 29 वर्षीय शिवचरण पिता अमृतलाल बर्मन की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। शिवचरण मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएफ-2593 से कहीं जा रहा था। इसीदौरान रीठी बायपास मार्ग पर वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम कराते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com



सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475



SAMARTH MARBLE AND GRANITE
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668



रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)